**<u>प्रेस नोट दिनांक 05.11.2025</u>**

**<u>थाना आंवल जनपद बरेली।</u>**

**<u>थाना आंवला #bareillypolice द्वारा जीवित व्यक्तियों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र व फर्जी दस्तावेज तैयार कर सीधे-साधे लोगों के साथ सरकारी योजना विधवा पेंशन के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली करोडों रुपये की धनराशि का घोटाला करने वाले गिरोह के 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।</u>**

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-</u>** थाना आंवला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 777/25 धारा 316(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस के 04 वांछित अभियुक्तगण 1.हरीश कुमार पुत्र चन्द्रपाल निवासी बसन्त बिहार कालोनी थाना आंवला बरेली, 2. शान्तिस्वरुप पुत्र मलखान निवासी मोहल्ला शास्त्रीगली थाना आंवला बरेली, 3. मुनीष पुत्र हीरालाल निवासी बिलौरी ग्राम बिलौरी थाना आंवला बरेली, 4.प्रमोद पुत्र भीकमलाल निवासी ग्राम सेंधा थाना भमौरा बरेली को दिनांक 04.11.25 की रात्रि को गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना व0उ0नि0 श्री राजेश बाबू मिश्रा द्वारा सम्पादित की जा रही है ।

**<u>सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाही</u>**:- यासमीन जहाँ पुत्री स्व0 जमालुद्दीन निवासी 40 आंकक्षा इन्कलेव पीलीभीत रोड थाना इज्जतनगर बरेली के शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 777/25 धारा 316(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस बनाम हरीश कुमार आदि 09 नामित व अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचना से पाया गया कि धर्मेन्द्र पुत्र रतनलाल निवासी ग्राम अगरास थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली द्वारा समृद्धि सक्षम जीवन निधि लिमिटेड कम्पनी खोली गयी थी। उक्त कम्पनी के धर्मेन्द्र उपरोक्त डायरेक्टर एवं प्रमोद पुत्र भीकमलाल निवासी ग्राम सेंधा थाना भमौरा जिला बरेली ज्वाइंट डायरेक्टर थे तथा उक्त कम्पनी में अन्य कई व्यक्ति इनके कर्मचारी/सहयोगकर्ता थे। इन सभी के द्वारा जीवित व्यक्तियों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर निर्गत करते हुए सरकारी योजनाओं विधवा पेंशन के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि को अपने व अपने जानने वालों के खातों में ट्रांसफर करवाकर आर्थिक लाभ अर्जित करते थे। उपरोक्त कम्पनी के धर्मेन्द्र डायरेक्टर व प्रमोद ज्वाइंट डायेरक्टर उपरोक्त का ज्वाइंट खाता एक्सिस बैंक आंवला में था, **इनके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 7 खातों में कुल 1, 23,22,647/- (एक करोड़ तेईस लाख बाईस हजार छः सौ सैतालिस) रुपये का घोटाला किया गया है।** अभियुक्तगण द्वारा वर्ष 2021 से सरकारी योजनाओं विधवा पेंशन के अन्तर्गत धोखाधडी करके सरकारी पैसो का दुरुपयोग किया गया है।

मुकदमे उपरोक्त के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाने से व0उ0नि0 श्री राजेश बाबू मिश्रा, उ0नि0 श्री सचिन कुमार, उ0नि0 श्री अमरीश शर्मा, उ0नि0 श्री राजेश रावत, उ0नि0 श्री इन्द्रपाल सिंह, का0 825 अमरेश कुमार, का0 1538 शिवराम, का0 2886 कुलदीप कुमार, का0 61 हरिओम व का0 579 राजेन्द्र कुमार के वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था, जाँच अहकमात, पैण्डिग विवेचना, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, तलाश वांछित अभियुक्त/वारण्टी आदि में पुरैना तिराहे पर चैंकिग कर रहे थे, मुखबिर खास मिला जिसने बताया कि साहब आपके थाने पर जो विधवा पेंशन आदि धोखाध्ड़ी का मुकदमा लिखा गया है उसमें चार लोग बिजली घर के पास खड़े हैं। मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम द्वारा उन चारों व्यक्तियों 1. हरीश कुमार पुत्र चन्द्रपाल निवासी बसन्त बिहार कालोनी थाना आंवला बरेली 2.शान्तिस्वरुप पुत्र मलखान निवासी मोहल्ला शास्त्रीगली थाना आंवला बरेली 3.मुनीष पुत्र हीरालाल निवासी बिलौरी ग्राम बिलौरी थाना आंवला बरेली 4.प्रमोद पुत्र भीकमलाल निवासी ग्राम सेंधा थाना भमौरा बरेली संबंधित मु0अ0सं0 777/25 धारा 316(2)/318(4) /338 /336 (3)/340(2) बीएनएस को दिनांक 04.11.2025 समय 21.55 बजे बिजली घर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जायेगा।

**<u>अभियुक्तगण की अपराध कारित में भूमिका-</u>**

**<u>अभियुक्त प्रमोद उपरोक्त की भूमिका-</u>** अभियुक्त प्रमोद पुत्र भीकमलाल निवासी ग्राम सेंधा थाना भमोरा जिला बरेली समृद्धि सक्षम जीवन निधि लिमिटेड कम्पनी में ज्वांइट डायरेक्टर था तथा धर्मेन्द्र पुत्र रतनलाल निवासी ग्राम अगरास थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली उक्त कम्पनी में डायरेक्टर था। प्रमोद क्षेत्र में सीधे साधे व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताकर गुमराह करते हुए उनके आधार कार्ड प्राप्त करता था।

**<u>अभियुक्त हरीश उपरोक्त की भूमिका-</u>** अभियुक्त हरीश कुमार पुत्र चन्द्रपाल निवासी बसन्त बिहार कालोनी थाना आंवला बरेली का जनसेवा केन्द्र ग्राम बिलौरी थाना आंवला में स्थित था जिसका स्वयं संचलाक था। हरीश द्वारा सभी अभियुक्तगण द्वारा क्षेत्र से जो कागज इक्ठ्ठे किये जाते थे जनसेवा केन्द्र पर ही असली कागजों को फर्जी रुप में तैयार किया जाता था।

**<u>अभियुक्त शान्तिस्वरुप उपरोक्त की भूमिका-</u>** अभियुक्त शान्ति स्वरुप पुत्र मलखान निवासी मोहल्ला शास्त्रीगली थाना आंवला बरेली यह क्षेत्र में सीधे साधे व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताकर गुमराह करते हुए उनके आधार कार्ड प्राप्त कर हरीश के जनसेवा केन्द्र पर देता था।

**<u>अभियुक्त मुनीष उपरोक्त की भूमिका-</u>** अभियुक्त मुनीष पुत्र हीरालाल निवासी बिलौरी ग्राम बिलौरी थाना आंवला बरेली यह क्षेत्र में सीधे साधे व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताकर गुमराह करते हुए उनके आधार कार्ड प्राप्त कर हरीश के जनसेवा केन्द्र पर देता था।

**<u>बरामदगी का विवरण –</u>** अभियुक्तगण के कब्जे से 06 फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-</u>**

1.हरीश कुमार पुत्र चन्द्रपाल निवासी बसन्त बिहार कालोनी थाना आंवला बरेली ।

2.शान्तिस्वरुप पुत्र मलखान निवासी मोहल्ला शास्त्रीगली थाना आंवला बरेली ।

3.मुनीष पुत्र हीरालाल निवासी बिलौरी ग्राम बिलौरी थाना आंवला बरेली ।

4. प्रमोद पुत्र भीकमलाल निवासी ग्राम सेंधा थाना भमौरा बरेली ।

**<u>गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक -</u>**

स्थान- बिजली घर के पास कस्बा आंवला, दिनांक 04.11.25 समय 21.55 बजे

**<u>अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहासः-</u>**

**<u>अभियुक्त हरीश उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-</u>**

1. मु0अ0सं0 286/21 धारा 147/323/504/506 भादवि थाना आंवला बरेली ।

2. मु0अ0सं0 55/25 धारा 3/25(1B) आर्म्स एक्ट थाना दातागंज जनपद बदायूँ ।

2. मु0अ0सं0 236/25 धारा 115(2)/126(2)/351(2)/352 बीएनएस थाना आंवला बरेली ।

3. मु0अ0सं0 777/25 धारा 316(2)/318(4) /338 /336 (3)/340(2) बीएनएस थाना आंवला बरेली ।

**<u>अभियुक्त शान्तिस्वरुप उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-</u>**

1. मु0अ0सं0 119/23 धारा 420/406 भादवि थाना आंवला बरेली ।

2. मु0अ0सं0 236/25 धारा 115(2)/126(2)/351(2)/352 बीएनएस थाना आंवला बरेली ।

3. मु0अ0सं0 777/25 धारा 316(2)/318(4) /338 /336 (3)/340(2) बीएनएस थाना आंवला बरेली ।

**<u>अभियुक्त मुनीष उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-</u>**

1. मु0अ0सं0 777/25 धारा 316(2)/318(4) /338 /336 (3)/340(2) बीएनएस थाना आंवला बरेली ।

**<u>अभियुक्त प्रमोद उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-</u>**

1. मु0अ0सं0 777/25 धारा 316(2)/318(4) /338 /336 (3)/340(2) बीएनएस थाना आंवला बरेली ।

**<u>गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरणः-</u>**

1.व0उ0नि0 श्री राजेश बाबू मिश्रा थाना आंवला जनपद बरेली ।

2.उ0नि0 श्री सचिन कुमार थाना आंवला जनपद बरेली ।

3. उ0नि0 श्री अमरीश शर्मा थाना आंवला जनपद बरेली ।

4. उ0नि0 श्री राजेश रावत थाना आंवला जनपद बरेली ।

5.उ0नि0 श्री इन्द्रपाल सिंह थाना आंवला जनपद बरेली ।

6. का0 825 अमरेश कुमार थाना आंवला जनपद बरेली ।

7. का0 1538 शिवराम थाना थाना आंवला जनपद बरेली ।

8. का0 2886 कुलदीप कुमार थाना आंवला जनपद बरेली ।

9. का0 61 हरिओम थाना आंवला जनपद बरेली ।

10.का0 579 राजेन्द्र कुमार थाना आंवला जनपद बरेली ।